# प्रेस नोट थाना राजघाट जनपद गोरखपुर दिनांक 11.08.2026

**ऑनलाइन क्रेडिट कार्ड साइबर धोखाधड़ी से पीड़ित आवेदक के ₹9790 /- (नौ हजार सात सौ नब्बे रुपये मात्र) वापस दिलाया गया l**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक अपराध जनपद गोरखपुर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कोतवाली के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक राजघाट के नेतृत्व में मय साइबर सेल टीम थाना राजघाट द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर आवेदक के क्रेडिट कार्ड से हुए अनहद इनफो सोलूसन प्राइवेट लिमिटेज के ट्रांजेक्शन को रोका गया तथा संबंधित नोडल अधिकारी से आवश्यक समन्वय स्थापित कर आवेदक के क्रेडिट कार्ड में ₹9790 /- (नौ हजार सात सौ नब्बे रुपये मात्र) पैसा रिफंड कराया गया है।

**<u>विवरण-</u>**

आवेदक द्वारा NCRP पोर्टल पर शिकायत किया गया था कि आवेदक के आई0सी0आई0सी0आई क्रेडिट कार्ड पर आल इण्डिया फ्री ट्रेवेल तथा 3 वर्ष तक पूरे भारत में कही भी मुफ्त होटल पास के नाम पर उनके साथ धोखाधड़ी करके साइबर अपराधी द्वारा कुल ₹9790 /- ट्रांसफर कर लिया गया था। आवेदक की जागरूकता और समय से दी गई सूचना थाना राजघाट पर दिया गया जिसके क्रम में त्वरित कार्यवाही करते हुए NCRP पोर्टल पर शिकायत दर्ज किया गया था। आवेदक के क्रेडिट कार्ड से ट्रांसफर रुपयों को अनहद इनफो सोलूसन प्राइवेट लिमिटेज के लिए उपयोग किया गया था। साइबर नोडल उ0नि0 वैभव विश्वकर्मा द्वारा अनहद इनफो सोलूसन प्राइवेट लिमिटेज के नोडल से समन्वय स्थापित कर उक्त संदिग्ध ट्रांसेक्शन को रोका गया तथा आवश्यक समन्वय स्थापित कर साइबर हेल्पडेस्क टीम थाना राजघाट द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए आवेदक का पैसा उसके क्रेडिट कार्ड में रिफंड कराया गया।

**<u>बरामदगी टीम-</u>**

1. थानाध्यक्ष उ0नि0 गौरव वर्मा थाना राजघाट जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0 वैभव विश्वकर्मा साइबर नोडल थाना राजघाट जनपद गोरखपुर
3. म0उ0नि0 निशी श्रीवास्तव थाना राजघाट जनपद गोरखपुर
4. म0का0 संगीता सिंह थाना राजघाट जनपद गोरखपुर
5. रि0का0 अरविंद कुमार थाना राजघाट जनपद गोरखपुर